# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 40 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री


2 हितग्राहियों ने राशन वितरण में दुकान संचालक पर लगाया गड़बड़ी करने का आरोप, जांच की मांग




**खबर संक्षेप**

### उपाध्याय प्रांतीय शिक्षा प्रकोष्ठ के सदस्य मनोनित



**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमति से शिक्षा प्रकोष्ठ छग के प्रदेश कार्य समिति का गठन किया गया है। इसमें वरिष्ठ साहित्यकार एवं जिला योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय को प्रदेश कार्य समिति का सदस्य बनाया गया है। श्री उपाध्याय सेवानिवृत्त व्याख्याता है एवं राष्टीय स्तर के आध्यात्मिक गौरव सम्मान एवं विभिन्न साहित्यिक सम्मानों से सम्मानित वरिष्ठ रचनाकार है, इसके अतिरिक्त जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले की सहमति एवं शिक्षा प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक गोपाल प्रसाद बुनकर की अनुशंसा से भारतीय जनता पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ जिला एमसीबी जिला की कार्यकारिणी एवं जिला कार्य समिति सदस्यों की नियुक्ति की गई है। चयनित पदाधिकारी नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन ,विद्यालय बच्चों के समन्वय एवं शैक्षिक गुणवत्ता के उन्नयन के लिए कार्य करेंगे।

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल


**अम्बिकापुर।** घरेलू बात को लेकर चचेरे भाई की हत्या करने के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक उयदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम केदमा खुझी निवासी जगत राम मझवार ने गत दिन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि ग्राम खुझी में कमलेश मझवार अपने चचेरा भाई प्यारी राम मझवार के घर में पिछले एक साल से रह रहा था। दोनों के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। 16 अप्रैल की रात लगभग 11 बजे दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि प्यारी राम मझवार ने डंडे व हसिया से कमलेश पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे कमलेश कि मौके पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी प्यारी राम मझवार को गांव से ही गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी प्यारी राम मंझवार (45 वर्ष) ने बताया कि अपने चचेरे भाई से घरेलू वाद विवाद होने पर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### स्वरंग किड्स एकेडमी पर एक लाख जुर्माना

**अम्बिकापुर।** सरगुजिहा बोली में बात करने पर चार साल के बच्चे को प्रवेश देने से इंकार करने वाले पेशागी एजूकेशन सोसाइटी चोपड़ापारा में संचालित स्वरंग किड्स एकेडमी पर जिला शिक्षा अधिकारी ने एक लाख का जुर्माना अधिरोपित किया है। स्वयं को अभिजात्य वर्ग के बच्चो का संस्थान साबित करने वाली एकेडमी के संचालन पर भी प्रशासन ने रोक लगा दी है। स्वरंग किड्स एकेडमी में सरगुजिहा बोली में बात करने पर एक बच्चे को एडमिशन नहीं दिया था। राज कुमार यादव ने अपने 4 साल के बेटे सत्यम का एडमिशन कराने स्वरंग स्कूल पहुंचे थे। प्रिंसिपल ने बच्चे को डेमो क्लास में भेजा था। प्रिंसिपल, शिक्षकों ने बच्चे से कुछ सवाल पूछा था जिसका जवाब बच्चे ने सरगुजिहा बोली में दिया था। प्रिंसिपल ने डेमो क्लास से निकलने के बाद यह कहकर बच्चे को नर्सरी कक्षा में प्रवेश देने से इंकार कर दिया था कि एकेडमी में बड़े घरों के बच्चे पढ़ते है तथा वे भी बच्चे से सरगुजिया बोलना सीख जाएंगे। एडमिशन देने से इंकार करने से परेशान परिजन ने मामले की शिकायत कलेक्टर अजीत बसंत से की थी। विभाग द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण में एकेडमी प्रबंधन ने अपनी गलती स्वीकार की है।

## देवखोल और भालूमाड़ा में खनन क्षेत्र चिन्हित, 6 टन कोयला जब्त

# अवैध कोयला खनन पर सख्ती : 150 मीटर लंबी सुरंग में पहुंची सेंट्रल फ्लाइंग स्क्वायड





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में अवैध कोयला खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रूख अपनाते हुए लगातार दूसरे दिन व्यापक कार्रवाई की।

रायपुर से पहुंची सेंट्रल प्लाइंग स्क्वॉड की टीम ने रविवार को देवखोल और भालूमाड़ा क्षेत्रों का निरीक्षण कर अवैध खनन स्थलों का चिन्हांकन किया और उन्हें ब्लास्टिंग कर स्थायी रूप से बंद करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स, जिसमें खनिज, वन, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल रहे, वे संयुक्त रूप से पूरे क्षेत्र का जायजा लिए। टीम ने बताया कि निरीक्षण के समय मौके पर कोई कोयला या खनन सामग्री नहीं मिली, लेकिन पूर्व में यहां बड़े पैमाने पर अवैध गतिविधियां संचालित हो रही थीं। इस कार्रवाई से एक दिन पहले, शनिवार को संयुक्त टीम ने पटना तहसील अंतर्गत देवखोल जंगल में सघन अभियान चलाया था। इस दौरान अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 6 टन से अधिक कोयला जब्त किया गया। साथ ही कई अवैध सुरंगों को ध्वस्त किया गया, जिनका उपयोग लंबे समय से कोयला निकालने के लिए किया जा रहा था। अभियान के दौरान टीम ने करीब 150 लंबी सुरंगों के भीतर प्रवेश कर न केवल कोयला बरामद किया था, बल्कि खनन में उपयोग होने वाले उपकरण जैसे फावड़ा, गेती, विद्युत पंप, फुटबॉल पाइप सहित काफी मात्रा में बिजली के तार भी जब्त किए थे। रविवार को की गई कार्रवाई में कोरिया के ⏭ शेष पेज 4 पर

**ब्लास्टिंग कर बंद करने निर्देश**

# 1691 ने दी परिवहन आरक्षक की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ 2668 रहे पंजीकृत, 977 अनुपस्थित

रविवार को व्यापम द्वारा परिवहन आरक्षक की परीक्षा आयोजित की गई। आयोजित परीक्षा में काफी संख्या में परीक्षार्थी विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में शामिल हुए। शहर के 10 प्रमुख विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, इसके अलावा शहर के बाहरी क्षेत्रों के संस्थानों में भी परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। इनमें कुल 2668 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे, इनमें 1691 ने परीक्षाएं दीं, वहीं 977 अनुपस्थित रहे।


19 अप्रैल को उक्त परीक्षा पूर्वान्ह 11 से दोपहर 1:15 बजे तक आयोजित की गई। इसके लिए परीक्षार्थी परीक्षा के निर्धारित समय से पूर्व ही परीक्षा केन्द्र परिसर में पहुंच गए थे और सभी परीक्षार्थियों की जांच कर केन्द्र में प्रवेश दिया गया। आयोजित परिवहन आरक्षक परीक्षा में छग के जल प्रपातों का उत्तर से दक्षिण की ओर क्रम क्या है पूछा गया, जिसमें छग के उत्तरी छोर में स्थित सूरजपुर जिले के प्रसिद्ध जल प्रपात रक्सगंडा का नाम शामिल था, इसके अलवा जनगणना 2011 के अनुसार छग राज्य के जिलों का कुल साक्षरता दर के घटते क्रम में व्यवस्थित करने पूछा गया। वहीं कुरूख बोली का संबंध किस जनजाति से है, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 में कब से कब तक मनाया गया। इसके अलावा विकासशील के संबंध में दिए गए विकल्पों में विचार करने का प्रश्न पूछा गया था, इसके विकल्प में कोरिया कलेक्टर रह चुके का प्रश्न भी शामिल था।





परीक्षा केन्द्र के बाहर परीक्षार्थी।

# चिरमिरी में प्याऊ व्यवस्था पर सवाल, सुविधाओं का अभाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

चिरमिरी नगर पालिक निगम द्वारा गर्मी के मौसम में शुरू की गई पेयजल (प्याऊ) व्यवस्था इन दिनों सवालों के घेरे में है। सार्वजनिक स्थानों पर केवल मिट्टी के घड़े रखकर औपचारिकता पूरी कर दी गई है, लेकिन पानी पीने के लिए न तो गिलास उपलब्ध हैं और न ही मग की व्यवस्था की गई है, इससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी सामने होने के बावजूद वे उसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों में इस व्यवस्था का श्रेय लेने की होड़ तो दिखाई दे रही है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की जिम्मेदारी लेने से बचते नजर आ रहे हैं। गिलास और मग जैसी आवश्यक चीजों के अभाव ने इस व्यवस्था की गंभीरता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। गौरतलब है कि नगर पालिक निगम और राज्य शासन द्वारा प्याऊ व्यवस्था के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जाता है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर ऐसी अव्यवस्था प्रबंधन की लापरवाही या संभावित अनियमितताओं की ओर इशारा करती है, इससे यह भी प्रतीत होता है कि कार्य केवल दिखावे के लिए किया गया है, जबकि वास्तविक सुविधा आम जनता तक नहीं पहुंच रही।

इस संबंध में भाजपा पदाधिकारी रविनंदन यादव ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि प्याऊ व्यवस्था शुरू की गई है, लेकिन गिलास और मग की व्यवस्था नहीं होने की जानकारी उन्हें नहीं थी। वहीं वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद संदीप सोनवानी ने कोरिया कालरी क्षेत्र में शुरू की गई प्याऊ व्यवस्था में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार का विरोध करने की बात कही है।

नगर पालिक निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने पर उन्होंने इस विषय में कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो गर्मी के मौसम में आम नागरिकों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं। आवश्यक है कि निगम प्रशासन तत्काल संज्ञान लेते हुए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें और जवाबदेही तय करें, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

# डिप्टी कमिश्नर जीएसटी और चेंबर के बीच सार्थक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ व्यापारियों की समस्याओं पर हुआ सकारात्मक मंथन

जीएसटी से जुड़ी जमीनी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डिप्टी कमिश्नर जीएसटी श्रीमती राखी अग्रवाल और स्थानीय चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों व व्यापारियों के बीच एक सार्थक बैठक आयोजित की गई।

श्रीमती अग्रवाल के मनेन्द्रगढ़ आगमन पर विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक में व्यापारियों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं, जिस पर विभाग की ओर से सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया। बैठक के दौरान जीएसटी रिटर्न फाइलिंग में आ रही तकनीकी दिक्कतें, इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित समस्याएं, नोटिस और पेनल्टी के मामलों में स्पष्टता की कमी सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। व्यापारियों ने बताया कि छोटे और मध्यम वर्ग के व्यवसायियों को जीएसटी की जटिल प्रक्रियाओं के कारण कई बार अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर डिप्टी कमिश्नर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि विभाग का उद्देश्य व्यापार को सुगम बनाना है, न कि व्यापारियों को परेशान करना। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से समाधान किया जाएगा और आवश्यकतानुसार जागरूकता शिविर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि व्यापारियों को नियमों की बेहतर समझ मिल सके।

उन्होंने कहा कि विभाग और व्यापारियों के बीच संवाद का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा, जिससे पारदर्शिता और विश्वस को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में चेंबर के प्रमुख पदाधिकारी एवं शहर के व्यापारी काफी संख्या में मौजूद रहे। इसमें पंकज जैन, संजीव ताम्रकार, मनीष अग्रवाल, निरंजन अग्रवाल, मनोहर लाल खोडियार, गणेश सोनी, राजेश अग्रवाल, विनय अग्रवाल, मंसूर मेमन, आनंद बोथरा, मोनू पंसारी, सुमित अग्रवाल, प्रीतेश जायसवाल, सौरभ ताम्रकार सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।



चेंबर के सदस्यों से चर्चा करतीं डिप्टी कमिश्नर जीएसटी राखी अग्रवाल।

### मासूम पर गिरा विद्युत पोल, मौत

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी के घर के पास खड़े मासूम पर विद्युत पोल गिर गया। पोल की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए बालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पोखनिया निवासी तुषार आ. मनिजर (6 वर्ष) गत दिन पड़ोसी मनोहर के घर वैवाहिक कार्यक्रम शुरू होने पर गया था। इसी बीच विवाह के लिए मंडप लेकर आए और घर के सामने बिना स्पोट में खड़े किए विद्युत पोल के सहारे सराई के मंडप को खड़ा किए। सराई मंडप का भार पड़ने पर बिना स्पोट के खड़ा विद्युत पोल गिर गया जिसके चपेट में आने से बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन बालक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द किया है।

# आंगनबाड़ी निर्माण कार्य में कोताही ठेकेदार को पड़ी महंगी

**कोरबा।** आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में घटिया सामग्री और गुणवत्ता में भारी लापरवाही का मामला सामने आने के बाद नगर निगम प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे के निर्देश पर दोषी एजेंसी के खिलाफ ब्लैकलिस्टिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

वार्डवासियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा आंगनबाड़ी भवन निर्माण में घटिया सीमेंट, कमजोर सामग्री और मानकों की अनदेखी की शिकायत की गई थी। शिकायत मिलते ही निगम प्रशासन ने तत्काल जांच कराई, जिसमें आरोप सही पाए गए। जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद निगम ने निर्माण कार्य को तुरंत प्रभाव से रुकवा दिया। घटिया तरीके से बनाए गए कालम और बीम को जेसीबी की मदद से तोड़कर हटाया गया, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना न हो सके। नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने स्पष्ट कहा है कि बच्चों से जुड़े मामलों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार हरिश्चंद्र दुबे को पहले भी दो नोटिस दिए जा चुके थे, और अब तीसरी बार नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।







## निर्माण कार्य अधूरे, अब भी खुले में जाते हैं शौच

# आनंदपुर में स्वच्छ भारत मिशन अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत अभियान चलाकर जिलेभर के पंचायतों के प्रत्येक लोगों के घरों में शौचालय निर्माण कार्य जोर -शोर एवं प्राथमिकता के साथ बनाया जा रहा था, लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद सरकारी फंड से बनाए गए शौचालय की हालत अब खराब हो गई। कही शौचालय में दरारे आ गई तो किसी जगह के शौचालय में दरवाजे ही नहीं दिखाई देते तो कही शौचालय का छत ही नहीं है।

अमूमन इस स्तर की स्थिति जिले के कई पंचायत क्षेत्रों में अब देखने को मिल जाएगी। इसी तरह का हाल कोरिया जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र के वन ग्राम जहां विशेष संरक्षित जनजाति पण्डो परिवार की बहुलता है, यहां भी अब स्वच्छ भारत मिशन का शौचालय दम तोड़ दिया है। यहां लोगों के घरों के पास शौचालय तो बने हैं, लेकिन वह अब उपयोग लायक नहीं रह गया। किसी के दरवाजे ही नहीं हैं, ऐसे में शौचालय के उपयोग की उम्मीद नहीं की जा सकती। ऐसे में आनंदपुर के ज्यादातर लोग शौचालय का उपयोग लायक नहीं होने के कारण खुले में शौच जा रहे हैं, इससे महिलाओं की गरिमा भी प्रभावित हो रही है।

### खुले में शौचमुक्त कागजों में सिमटा

एक समय जब स्वच्छ भारत मिशन का क्रियान्वयन हो रहा था, उस दौरान गांव-गांव में शौचालय निर्माण को ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही थी, तब पंचायत, जनपद पंचायत से लेकर जिले को खुले में शौचमुक्त कराने प्रशासन कमर कस ली थी। खुले में शौचमुक्त होने के बाद अब वहीं पंचायतों में लोग शौचालय का उपयोग नहीं कर रहे, लेकिन कुछ पंचायत क्षेत्र में ऐसे भी लोग हैं जो अब भी नियमित रूप से शौचालय का उपयोग कर रहे हैं।

### अब शौचालय उपयोग पर जोर नहीं

एक समय ऐसा था जब ग्रामीण क्षेत्र के हर घर में शौचालय निर्माण करने पर जोर दिया जाता था और खुले में शौच करना मनाही थी। शौचालय निर्माण जल्द नहीं कराए जाने पर उचित मूल्य से राशन नहीं देने की भी चेतावनी दी जाती थी साथ ही खुले में शौच जाने वालों की निगरानी भी की जाती थी, लेकिन समय बीतने के बाद सब कुछ बीते समय की बात हो गई और अब शौचालय उपयोग पर कोई जोर नहीं।



बदहाल शौचालय।

**खबर संक्षेप**



## ओपीएस की हर्ष मन्नू सातवीं एशियाई स्वात स्पर्धा में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

अम्बिकापुर। ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के कक्षा-9वीं की छात्रा एवं रंजित केरकेट्टा की पुत्री हर्ष मन्नू केरकेट्टा का चयन राष्ट्रीय स्वात टीम में हुआ है। हर्ष मन्नू नेपाल के काठमांडु में आयोजित होने वाले सातवीं एशियाई स्वात चैम्पियशिप 2026 में भाग लेगी, जिसमें भारत, नेपाल, जापान, चीन, हांगकांग, थाइलैंड, न्यूजीलैंड, इन्डोनेशिया, उज्वेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान आदि के चयनित स्वात खिलाड़ी भाग लेंगे। यह आयोजन 30 अप्रैल से 3 मई तक होगा। हर्ष मन्नू केरकेट्टा ने राष्ट्रीय स्वात स्पर्धा के 17 वर्ष आयु वर्ग में 40-42 किलो भारवर्ग रजत पदक प्राप्त कर और अपने बेहतर प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय दल में अपनी जगह बना पाई है। हर्ष मन्नू की इस उपलब्धि पर विद्यालय में अत्यन्त हर्ष का महौल है और इसके प्रदर्शन से खुश होकर और हर्ष मन्नू की हौसला अफजाई करने हेतु शनिवार को विद्यालय प्रबंधन की ओर से उप प्राचार्य तहसीन अहमद खान ने हर्ष मन्नू केरकेट्टा को सम्मानित किया एवं एशियाई स्वात स्पर्धा में और अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी एवं विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष मन्नू के प्रशिक्षण हेतु विशेष रूप से स्वात के राष्ट्रीय विशेषज्ञ को यह दायित्व दिया है।

## शांभवी ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले का किया नाम रौशन

बलरामपुर। सीबीएसई 10 वीं बोर्ड की परीक्षा परिणाम जारी हुई है जिसमें बलरामपुर निवासी मुकेश गुप्ता की पुत्री शांभवी गुप्ता ने 10 वीं सीबीएसई बोर्ड में 95.8 प्रतिशत अंक हासिल करके जिले में दूसरा स्थान एवं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करके जिला, विद्यालय का नाम रोशन किया है। शांभवी गुप्ता दुर्गा गुरुकुल विद्यालय में पढ़ाई करती हैं। शांभवी गुप्ता ने अपनी सफलता के पीछे पिता मुकेश गुप्ता, माता निधि गुप्ता का मार्गदर्शन और अपनी मेहनत को बताया है। शांभवी भविष्य में आईएएस आईपीएस बनना चाहती है।

## आमगांव खदान में हीट वेव से बचाव हेतु एक दिवसीय सुरक्षा कार्यशाला




बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव खदान में हीट वेव (लू) से बचाव, सुरक्षा संस्कृति के उन्नयन और कार्य-दक्षता में वृद्धि को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खदान के अधिकारी, सुपरवाइजर, विभागीय कर्मचारी एवं ठेकेदार आशीर्वाद के कामगारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय चिकित्सालय एसईसीएल बिश्रामपुर से अतिथि वक्ता डॉ. हर्षवर्धन सिंह, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी बेचन सिंह एवं खान प्रबंधक गणेश प्रसाद कुम्हार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला की शुरुआत सुरक्षा अधिकारी द्वारा खदान में दिन के समय कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी के साथ हुई। इसके पश्चात डॉ. हर्षिवर्धन सिंह ने तेज धूप और गर्मी के दौरान काम करते समय स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों और उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। अंत में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी बेचन सिंह ने हीट वेव के प्रभाव, लक्षण एवं उससे बचने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों को जागरूक किया।

## ग्राम पंचायत कसलगिरी के हितग्राहियों को दिया जा रहा अधूरा राशन

बिश्रामपुर। ग्राम पंचायत कसलगिरी में शासकीय खाद्यान्न वितरण व्यवस्था पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। यहां के हितग्राहियों ने उचित मूल्य दुकान में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन कार्ड में पूरा राशन का उठाव दर्ज किया जा रहा है, लेकिन हकीकत में उन्हें केवल चावल मात्र दिया जा रहा है, जबकि शेष जरूरी सामग्री जैसे शक्कर, नमक और चना नदारद हैं। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत की उचित मूल्य दुकान सरपंच आराधना सिंह के नाम पर आबंटित है, लेकिन संचालन उनके पति द्वारा किया जा रहा है। आरोप है कि शासन के मंशानुरूप तीन महीनों का चावल तो वितरित किया जा रहा है, मगर शक्कर, नमक और चना का वितरण नहीं किया गया है।आरोप है कि राशन कार्ड में इन सभी वस्तुओं का उठाव दर्शाकर रिकॉर्ड दुरुस्त किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि गरीब परिवारों, हितग्राहियों के साथ धोखा है एवं उनके हक पर सीधा डाका डाला जा रहा है, इस अधूरी राशन वितरण प्रक्रिया से ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। ग्रामीणों के अनुसार अगर राशन सामान का स्टॉक उपलब्ध नहीं था, तो रिकॉर्ड दुरुस्त कर उसे वितरित क्यों दिखाया गया।
इस सम्बन्ध में जिला खाद्य अधिकारी संदीप भगत ने बताया गया कि चना, शक्कर और नमक का स्टॉक उपलब्ध नहीं था, लेकिन अब आपूर्ति पहुंच चुकी है और जल्द ही संबंधित शासकीय उचित मूल्य राशन दुकानों में वितरण शुरू कराया जाएगा, साथ ही शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी।

### राशन दुकान के सामने की जमकर नरेबाजी, संचालक को हटाने की मांग

# हितग्राहियों ने राशन वितरण में दुकान संचालक पर लगाया गड़बड़ी करने का आरोप, जांच की मांग



विरोध प्रदर्शन करते हितग्राही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

ग्रामीणों ने राशन दुकान संचालक पर राशन वितरण में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि संचालक राशन वितरण में गड़बड़ी करता है और समय पर लोगों को राशन नही देता है। जिससे हितग्राहियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषी संचालक के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**खास बात**

- शक्कर-चना नहीं मिलने से हितग्राहियों की बढ़ी परेशानी

ग्राम भुषु के ग्रामीणों ने राशन दुकान संचालक पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बताया कि हितग्राहियों को राशन देने में आनाकानी करता है। ग्रामीण जब भी राशन लेने जाते है कोई न कोई बहाना बनाकर उन्हें राशन से वंचित कर दिया जाता है। जब कोई इस संबंध में सवाल जवाब करता है तो उन्हें राशन नहीं आने का बहाना बना वापस लौटा देता है। ऐसे में जरूरतमंद लोगों को राशन के अभाव में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और गरीब एवं जरूरतमंद लोग दुकानों से महंगे दर पर राशन खरीदने को मजबूर हे। उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा हितग्राहियों के साथ किए जाने वाले भेदभाव से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि संचालक द्वारा जिस स्वयं सहायता समूह के नाम से दुकान का संचालन किया जा रहा था वह बिना रजिस्टर्ड और पूरी तरह फर्जी समूह है। ग्रामीणों ने गांव में संचालित राशन दुकान की जांच की मांग की है।

**प्रभार देने में कर रहा आनाकानी**

ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायतों के बाद एसडीएम ने बिना रजिस्ट्रेशन के फर्जी तरीके से संचालित राशन दुकान का आदेश निरस्त करते हुए इंदिरा स्वयं सहायता के नाम से आदेश जारी किया था। बावजूद इसके संचालक प्रभार देने में आनाकानी कर रहा था। दो तीन महीनों से वह प्रभार देने के बजाए स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को घुमाता रहा। काफी दिनों बाद भी जब वो प्रभार नहीं दिया तब खाद्य निरीक्षक की मौजूदगी में इंदिरा स्वयं सहायता समूह को एकतरफा प्रभार सौंपा गया। इस दौरान जब स्टॉक की जांच की गई तो उसमें लगभग 2 सौ 11 क्विंटल चावल एवं शक्कर कम पाया गया। बताया जा रहा है कि विगत चार पांच सालों से राशन दुकान चला रहे डीलर ने लाखों का राशन गबन किया है। लोगों द्वारा समय समय पर शिकायत की गई लेकिन संचालक ने कभी जांच होने नहीं दिया।

**कराई जाएगी जांच**

राशन वितरण में उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा गड़बड़ी की जा रही है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच के पश्चात उचित कार्रवाई की जाएगी।

-राम सिंह ठाकुर
एसडीएम

## तीन माह के एकमुश्त राशन वितरण में बरती जा रही लापरवाही

- शंकरगढ़ क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में अधूरा वितरण

**शंकरगढ़।** विकासखंड शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी राशन वितरण योजना के क्रियान्वयन में अनियमितताएं सामने आ रही हैं। केंद्र सरकार द्वारा अप्रैल माह में हितग्राहियों को एकमुश्त तीन माह का राशन उपलब्ध कराने की घोषणा की गई थी, जिससे राशन कार्ड धारक पात्र हितग्राहियों को राहत मिल सके। किंतु जमीनी स्तर पर इस योजना का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है।
क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के कई स्थानों पर हितग्राहियों को केवल एक माह का ही राशन वितरित किया जा रहा है, जबकि शेष दो माह का राशन अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। साथ ही शक्कर एवं चना का वितरण भी कई ग्राम पंचायतों में नहीं हो पा रहा है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष और आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई है। ग्राम पंचायत खैराडीह में ग्रामीणों को मात्र एक माह का राशन दिया गया है और शक्कर व चना का वितरण पूर्णतः बंद है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत हरगांवा में भी शक्कर का आबंटन नहीं होने के कारण पात्र हितग्राहियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई ग्रामीणों ने बताया कि वे बार-बार उचित मूल्य की दुकानों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा घोषित योजना का उद्देश्य सराहनीय है, किंतु स्थानीय स्तर पर आपूर्ति व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही के कारण योजना का लाभ अधूरा रह गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गोदामों से पीडीएस दुकानों तक समय पर राशन का उठाव एवं परिवहन नहीं होने से वितरण बाधित हो रहा है। इसके अलावा, कुछ स्थानों पर जिम्मेदार कर्मचारियों की उदासीन रवैया के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई है।

### आंदोलन की चेतावनी

हितग्राहियों का कहना है कि अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जहां भी अनियमितता या शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना का पूरा लाभ समय पर प्राप्त हो। लेकिन आश्वासन के बाद भी हितग्राहियों को अधूरा राशन ही दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाया जाए तथा सभी आवश्यक खाद्य सामग्री विशेषकर शक्कर और चना का शीघ्र वितरण किया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे।

### परिवहन, भंडारण एवं उठाव से वितरण प्रभावित

अप्रैल माह में तीन माह का राशन एक मुश्त वितरण करने के निर्देश जारी किए गए हैं,लेकिन कुछ स्थानों पर परिवहन, भंडारण एवं उठाव संबंधी तकनीकी कारणों से वितरण प्रभावित हुआ है। जितना राशन पीडीएस दुकानों में स्टॉक है उतने हितग्राहियों को तीन तीन महीने का राशन दिया जाए। बाकी ग्राम पंचायत द्वारा एक राय बनाकर राशन की आपूर्ति नहीं होते तक एक महीने का वितरण अपने ग्राम पंचायत स्तर पर कर सकते है। शक्कर की आपूर्ति में थोड़ी दिक्कत है जिससे कुछ ग्राम पंचायतों में अस्थायी विलंब हुआ है। संबंधित दुकानों को शीघ्र पूर्ण वितरण के निर्देश दिए गए हैं।

-विनय कुजूर, जिला खाद्य अधिकारी

## जेजे अस्पताल में ग्रामीण महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं की गई है लागू : डॉ. सिंह

**अम्बिकापुर।** उत्तर छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जीवन ज्योति सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक नया मानदंड स्थापित किया है।

- जीवन ज्योति सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने सरगुजा संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं को दी नई पहचान

अस्पताल का उद्देश्य शुरू से ही क्षेत्र के लोगों को गंभीर से गंभीर स्थिति में भी रायपुर या बिलासपुर जैसे बड़े शहरों की ओर रुख न करना पड़े, बल्कि सभी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें। शनिवार को एक आयोजन के दौरान अस्पताल के सीईओ डॉ. संतोष ने आगे की जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल की शुरुआत वर्ष 1983 में अंबिका क्लिनिक के रूप में हुई थी, जो आज चार दशकों की निरंतर प्रगति के बाद एक अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी हेल्थ केयर सेंटर के रूप में विकसित हो चुका है।

अस्पताल के अध्यक्ष डॉक्टर जेके सिंह ने बताया कि संस्था मरीजों की सुविधा और विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों और ग्रामीण महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं लागू की गई हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती संध्या सिंह ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य लोगों को भरोसेमंद और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विशेष ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को



संतान सुख से वंचित न रहना पड़े, इसके लिए आईवीएफ उपचार पर पच्चीस प्रतिशत की छूट दी जाएगी। साथ ही उपचार की राशि दस किस्तों में जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। अस्पताल के मुख्य सलाहकार पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर आकाश सिंह ने बताया कि अस्पताल में समय-समय पर सेवाओं का विस्तार किया गया है। वर्तमान में यहां एडवांस डायग्नोस्टिक सेंटर, इको, अल्ट्रासोनोग्राफी, एंडोस्कोपी, सीटी स्कैन, एमआरआई, ट्रॉमा केयर सेंटर, कैथ लैब तथा आईवीएफ सेंटर सुविधाएं उपलब्ध हैं।अब अधिकांश उन्नत जांचें अस्पताल में ही संभव हो गई हैं। जीवन ज्योति अस्पताल में इंटरनल मेडिसिन, क्रिटिकल केयर, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, ऑर्थोपेडिक, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, पीडियाट्रिक्स, पल्मोनोलॉजी, त्वचा रोग, नेत्र चिकित्सा, दंत चिकित्सा, मनोरोग, फिजियोथेरेपी और पुनर्वास जैसी बहु-विशेषज्ञ सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। अस्पताल में चौबीसों घंटे आपातकालीन सेवाएं भी संचालित की जाती हैं।

## जिले की 150 महिलाएं मिलेट प्लांट के अध्ययन दौरे पर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/सोनगरा

महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जिले की 150 महिलाओं को बीज विकास निगम द्वारा रायपुर-खरोरा स्थित मिलेट प्लांट के अवलोकन हेतु भेजा गया। महिलाओं का दल मंगल भवन से भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी और जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष नूतन विश्वास द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री की



बस को हरि झण्डी दिखाकर रवाना करते अतिथि।

सोच है कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इसी उद्देश्य से महिलाओं को मिलेट प्लांट का प्रत्यक्ष अवलोकन कराने की पहल की गई है, ताकि वे मिलेट के उत्पादन, प्रसंस्करण और इसके व्यावसायिक लाभों को समझ सकें। रायपुर-खरोरा स्थित इस प्लांट में महिलाएं मिलेट से विभिन्न उत्पाद बनाने की प्रक्रिया, उसकी मार्केटिंग और पोषण संबंधी फायदों की जानकारी प्राप्त करेंगी। इससे स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आय बढ़ाने के नए अवसर मिलेंगे और वे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में भी योगदान दे सकेंगी। अध्ययन दौरे का नेतृत्व सिलफिली की प्रभारी परियोजना अधिकारी मीना राजवाड़े के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उनके साथ पर्यवेक्षक कुसुमलता एक्का, अनिशा सिंह, रामेश्वरी सिंह, राजेश्वरी सिंह एवं दुर्गावती कुजूर सहित अन्य टीम सदस्य मौजूद हैं, जो महिलाओं को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान संदीप अग्रवाल, देव गुप्ता, देवंती साहू, मीना सिंह, किरण खेस सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दर्शन भ्रमण योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से बना रही सशक्त : लक्ष्मी

**बिश्रामपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में संचालित दिशा दर्शन भ्रमण योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी रूप से आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में सूरजपुर जिले की लगभग 51 महिलाएं, जो विभिन्न महिला स्व सहायता समूहों से जुड़ी हैं, अध्ययन भ्रमण के तहत रायपुर पहुंचीं। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने रायपुर-खरोरा स्थित सोया प्रोसेसिंग प्लांट का अवलोकन कर उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं विपणन की प्रक्रियाओं को विस्तार से समझा। प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाओं में स्वरोजगार के प्रति नया आत्मविश्वास जागृत हुआ और उन्होंने अपने क्षेत्रों में छोटे स्तर पर प्लांट स्थापित कर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने स्वयं प्लांट परिसर में उपस्थित रहकर महिलाओं से सीधे संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इस प्रकार के भ्रमण कार्यक्रम उन्हें व्यवहारिक अनुभव प्रदान करते हैं, जो उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि इच्छुक महिला स्व सहायता समूहों को सोया प्रोसेसिंग जैसे लघु उद्योग स्थापित करने हेतु हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन एवं विपणन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं, बल्कि समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं।

## भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा



**बलरामपुर/रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आवश्यक बैठक ज़िला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के मुख्य उपस्थिति में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक सर्वप्रथम भारत माता एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी निरंतर कार्य करने वाली संगठन है। पार्टी का हर माह संगठनात्मक मासिक बैठक का समीक्षा एवं आगामी कार्य योजना पर गहन चर्चा किया जाता है। बैठक में विगत दिनों हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का विवरण, भाजपा स्थापना दिवस, गांव चलो अभियान, बाबा साहब आंबेडकर जयंती इत्यादि हुए कार्यों की समीक्षा किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम, कार्यकारणी, पार्टी का महत्वपूर्ण हिस्सा है, उन्होंने जिला पदाधिकारियों एवं मंडल प्रभारी, संयुक्त मोर्चा के प्रभारी एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्षों को आगे भी इसी तरह सक्रिय होकर कार्य करने की बात कही। बैठक में अजीत सिंह, तारावती सिंह, बलवंत सिंह, संजय सिंह, भानु प्रकाश दीक्षित, शैलेश गुप्ता, अरुण केशरी, राजेश अग्रवाल, शिवनाथ जायसवाल, मुंशी राम, बद्री यादव, जय प्रकाश गुप्ता, अंकुश सिंह, अजय यादव, अशर्फी यादव, अभिषेक सिंह, विकास मंडल, अश्विनी गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मानकीकरण समिति की सातवीं बैठक में चर्चा उपरान्त लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल उद्योग से जुड़े लाखों कामगारों के भविष्य और सुविधाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगों पर आयोजित मानकीकरण समिति की सातवीं बैठक में व्यापक चर्चा व मंथन हुई। बैठक में श्रमिक नेताओं और प्रबंधन के बीच कई मुद्दों पर सकारात्मक सहमति बनती नजर आई, जिससे आने वाले समय में कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

बैठक में संगठन ने एक के बाद एक ऐसे मुद्दे उठाए, जो लंबे समय से कामगारों की परेशानी का कारण बने हुए थे। इनमें सबसे प्रमुख रहा जेबीसीसीआई-12 का जल्द गठन, जिस पर संगठन ने जोर देकर मांग रखी। यह मुद्दा कोयला उद्योग के वेतन और सेवा शर्तों से सीधे जुड़ा हुआ है। साल 2026 के लिए कर्मचारियों के ड्रेस कोड को भी अंतिम रूप दिया गया। पुरुष कर्मचारियों के लिए ग्रे शर्ट और ब्लैक पैंट, जबकि महिला कर्मचारियों के लिए मैरून और ब्लैक ड्रेस निर्धारित की गई है। यह बदलाव कार्यस्थल पर एकरूपता और पेशेवर छवि को मजबूत करेगा। बैठक में आश्रित रोजगार को लेकर भी अहम संशोधन किए गए। अब कामगार की मृत्यु की सूचना कंपनी को 3 माह के भीतर देना अनिवार्य होगा, वहीं रोजगार के लिए आवेदन 3 वर्षों के भीतर करना जरूरी




होगा। इससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और समयबद्ध होगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए विभागीय महिला सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती में 4.8 फीट ऊंचाई को मंजूरी दी गई है, जिससे अधिक महिलाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे, जो कर्मचारी विभागीय अनुमति लेकर इलेक्ट्रिक सुपरवाइजर, माइनिंग सरदार या सर्वेयर की परीक्षा पास करेंगे, उन्हें अब एकमुश्त 1 लाख रुपए का प्रोत्साहन दिया जाएगा और संबंधित पद पर नियुक्ति भी मिलेगी,यह निर्णय कर्मचारियों को कौशल उन्नयन के लिए प्रेरित करेगा। लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे कर्मचारियों को लेकर संगठन ने मानवीय पहल करते हुए मांग रखी कि मेडिकल अनफिट घोषित होने तक उन्हें 100 प्रतिशत वेतन दिया जाए। प्रबंधन ने इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए जल्द निर्णय का आश्वासन दिया है। अब आईटीआई के बाद 2 साल का डिप्लोमा करने वाले कर्मचारियों को भी विभागीय पदोन्नति परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा। साथ ही पदोन्नति के बाद मिलने वाले इंक्रीमेंट पर भी 31 मई 2026 तक सकारात्मक निर्णय का भरोसा दिया गया है। ठेकेदारों के अधीन काम करने वाले मजदूर अब तक 40 लाख रुपए के बीमा लाभ से वंचित थे, इस गंभीर मुद्दे को उठाने पर प्रबंधन ने सभी मजदूरों के कॉरपोरेट सैलरी अकाउंट खोलने का आश्वासन दिया, जिससे उन्हें भी सुरक्षा का लाभ मिल सकेगा। बैठक में कर्मचारियों के पेंशनधारी माता-पिता की पेंशन को आय में न जोड़ते हुए 10 हजार रुपए की सीमा खत्म करने और मेडिकल रेफरल सुविधा देने की मांग भी उठाई गई, जिस पर भी सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा मिला है,अब तक संडे और पब्लिक हॉलिडे पर ड्यूटी करने के बावजूद एंट्री न होने से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाता था। इस पर प्रबंधन ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि मैन्युअल एंट्री कर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

## डीएवी में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई महात्मा हंसराज जयंती



**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को महात्मा हंसराज जी की 162वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा उनके जीवन और आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यापक सी पंडा, दीपक वासवानी एवं वरिष्ठ अध्यापिका अर्पणा मिश्रा द्वारा महात्मा हंसराज जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों इशरजोत सिंह बग्गा, अथर्व मिश्रा, शिवांश दुबे, प्रत्यूष दुबे, आंजनेय जायसवाल, धृति नायक, पलक सिंह, श्रेया अग्रवाल, भावना पटेल, आर्वी सिंह, आशी सिंह, प्राणिका मिश्रा, स्तुति, अंशिका मिश्रा, अर्पित सिंह एवं समृद्ध पांडेय द्वारा महात्मा हंसराज का जीवन गाथा विषय पर नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। नाटक के माध्यम से उनके तपस्यामय जीवन, अवैतनिक सेवा, शिक्षा के प्रसार तथा सामाजिक-सांस्कृतिक उत्थान में योगदान को दर्शाया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अनामिका भारती ने महात्मा हंसराज के आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी एवं उनके त्याग, सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को स्मरणीय बताया। वहीं संस्कृत शिक्षक अमूल्य भोई ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान संगीत शिक्षक नासिर खान और मनीष शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भजन 'गंगा जहां में तू बनके अटल सितारा ने वातावरण को भाव-विभोर कर दिया।



# जावेद की टीवी पर होगी वापसी इस डांस रियलिटी शो में बनेंगे जज

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता जावेद जाफरी एक बार फिर टीवी की दुनिया में लौट रहे हैं। सोनी टीवी ने अपने चर्चित डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' का प्रोमो जारी किया है, जिसमें अभिनेता को जज की कुर्सी संभालते देखा जाएगा। शो की थीम इंडिया वाला डांस होगी, जिसके जरिए प्रतियोगी देशभर की विविध नृत्य शैलियों को पेश करेंगे। जाहिर है कि जावेद 1996 में आए लोकप्रिय डांस शो 'बूगी वूगी' में जज रह चुके हैं। 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' के प्रोमो में जावेद कहते हैं, कभी सोचा है कि स्टेज 30 बाय 30 के स्टेज पर, क्या 140 करोड़ लोग नाच सकते हैं? बिल्कुल नाच सकते हैं। इंडियाज बेस्ट डांसर के स्टेज पर होगा 'इंडिया वाला डांस'। ऐसे में सारा इंडिया नाचेगा।

लाइफ Style

# रश्मिका

## नई फिल्म 'मायसा' से उड़ाएंगी होश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म के टीज़र में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है।

रश्मिका मंदाना अपनी नई फिल्म 'मायसा' में एकदम अलग अंदाज़ में नज़र आने वाली हैं। रॉविंद्र पुल्ले के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक रहस्यमयी एक्शन थ्रिलर है, जिसकी कहानी जनजातीय क्षेत्रों पर आधारित है। रश्मिका के जन्मदिन पर, टीम ने फिल्म का एक बेहद दमदार पोस्टर जारी किया। इसी के साथ, निर्देशक रॉविंद्र पुल्ले ने सोशल मीडिया पर रश्मिका की मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग के बारे में एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने रश्मिका को 'द वेपन' बताया और इसे 'निशानों में लिखी हुई जंग' कहा। फिल्म के टीज़र में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है, जिसके लिए रश्मिका अपने दमदार किरदार में जान फूंकने के लिए मार्शल आर्ट्स की कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस इंटरनेशनल स्टंट एक्सपर्ट एंडी लॉन्ग डिजाइन कर रहे हैं। वहीं, श्रेयस पी कृष्ण विजुअल्स संभाल रहे हैं और संगीत जेक्स बेजॉय ने दिया है। 'मायसा' के अलावा, रश्मिका जल्द ही शाहिद कपूर और कृति सैनन के साथ 'कॉकटेल 2' में, और विजय देवरकोंडा के साथ 'रानाबाली' में भी नज़र आएंगी।




हॉलीवुड मसाला



# मिर्याम बनकर पर्दे पर मचाएंगी तहलका

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स (सिनर्स) से मशहूर अभिनेत्री ली जुन ली सुपरहिट वेब सीरीज 'द लास्ट ऑफ अस' के तीसरे सीजन में मिर्याम का किरदार निभाएंगी, जो लेव और यारा की मां हैं। इस गर्मियों में शूटिंग शुरू होने वाली है। क्रेग मजिन, जो अब अकेले शो-रनर हैं, तबाही के बाद की इस हिट ड्रामा सीरीज की अगली कहानी को आगे बढ़ाएंगे। सीजन 3 में कास्ट और भी बड़ी हो गई है। इसमें एरियला बैरेर, तती गैब्रिएल और स्पेंसर लॉर्ड जैसे नाम लौट रहे हैं। इनके साथ ही, बेला रैमसे जैसे पुराने सितारे भी अपनी भूमिकाएँ निभाते दिखेंगे। इन नए जुड़ावों से फैंस को लेव और यारा की जिंदगी से जुड़ी और कहानियाँ देखने को मिलेंगी।





# 'टॉप गन 3' के साथ वापसी करेंगे टॉम क्रूज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं, जिसमें उन्हें एक बुजुर्ग व्यक्ति के किरदार में देखा जाएगा। हालांकि, दर्शकों को लुभाने का उनका सिलसिला अभी खत्म नहीं होगा, क्योंकि अभिनेता 'टॉप गन' फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त के साथ फिर लौटेंगे। पैरामाउंट ने निर्माता जेरी ब्रूकहाइमर के साथ मिलकर इस फ्रैंचाइजी की वापसी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म पर काम शुरू कर दिया गया है। अमेरिका के सिनेमाकॉन समारोह में, पैरामाउंट फिल्म के सह-प्रमुख जोश ग्रीनस्टीन ने 'टॉप गन 3' को लेकर बात की। उन्होंने कहा, फिल्म आधिकारिक तौर पर विकास के चरण में है, और इसकी पटकथा पर काम तेजी से चल रहा है।



# क्या हाथ लगेगी विक्की की महावतार...


**मुंबई।** 'छावा' की अपार सफलता के बाद, विक्की कौशल पौराणिक फिल्म 'महावतार' को लेकर चर्चा में हैं। अमर कौशिक की इस फिल्म में उन्हें भगवान विष्णु के छठे अवतार 'चिरंजीवी परशुराम' के किरदार में देखा जाएगा। पहले खबर थी कि निर्माता फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के लिए दीपिका पादुकोण से बात कर रहे हैं। फिर श्रद्धा कपूर का नाम चर्चा में आया। अब इस भूमिका के लिए मिस यूनिवर्स 2021 रहीं हरनाज संधू का नाम सामने आ रहा है। परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने बताया, फिल्म निर्माता 'महावतार' में विक्की कौशल के साथ एक नए चेहरे को कास्ट करके एक नई जोड़ी बनाना चाहते थे, और वे इस भूमिका के लिए हरनाज़ संधू से बातचीत कर रहे हैं। यह नई जोड़ी पंजाब के 2 मूल अभिनेताओं को एक साथ लाएगी।



# वरुण और कृति का धमाकेदार डांस...

**मुंबई।** कृति सैनन और वरुण धवन अपनी आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में एक बार फिर साथ दिखेंगे। फिल्म के आखिर में एक धमाकेदार डांस सीक्वेंस होगा, जिसमें ये दोनों नज़र आएंगे। डेविड धवन के निर्देशन में 16 अप्रैल को शूट किया गया यह ज़बरदस्त सीन फिल्म को एक मज़ेदार और यादगार विदाई देगा। यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य किरदारों में हैं। वहीं, कृति सैनन इस पोस्ट-क्रेडिट सीक्वेंस में एक कैमियो करती दिखेंगी। यह स्पेशल डांस नंबर फिल्म के युवा अंदाज़ को दर्शाता है और इसमें सैनन-धवन की शानदार केमिस्ट्री भी देखने को मिलेगी। इसके अलावा, वरुण और मृणाल पर फिल्माया गया गाना 'विवाह करवाडो जी' भी ऑनलाइन काफी पॉपुलर हो रहा है।

टीवी मसाला




# खतरों के खिलाड़ी-15 में शहनाज तान्या व गौरव समेत कई सेलिब्रिटी लेंगे रिस्क

एजेंसी ▶▶ मुंबई

**मुंबई।** रियलिटी टीवी शो खतरों के खिलाड़ी के 14 सीजन लाइव हो चुके हैं। वहीं फैंस अब इसके 15वें सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसको लेकर काफी समय से चर्चा भी हो रही है। हालांकि अब खतरों के खिलाड़ी 15 जल्दी ही रिलीज होने वाला है। इसके लिए पहले मेकर्स ने प्रोमो भी जारी किया था। हालांकि ये प्रोमो एआई पर आधारित था। इस प्रोमो में कंटेस्टेंट्स का चेहरा नहीं दिखाया गया था। वहीं अब खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 के कंटेस्टेंट्स की जानकारी सामने आई है।

### नजर आएंगे दिग्गज एक्टर्स

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो इस बार दर्शकों को अपने कुछ बेहतरीन और पसंदीदा एक्टर्स देखने को मिल सकते हैं। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में बिग बॉस 13 में अपनी बातों, अदाओं और टैलेंट से दिलों पर राज करने वाली शहनाज गिल नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही बिग बॉस 17 फेम समर्थ जुरेल और बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना और बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल भी इस सीजन में नजर आने वाली हैं। इतना ही नहीं खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में मशहूर कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान के पति शिरीष कुंदर भी नजर आ सकते हैं।

### कब शुरू होगा खतरों के खिलाड़ी 15?

सोशल मीडिया पर जानकारी मिली है कि खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की शूटिंग मई में शुरू होने वाली है। वहीं शो जून या जुलाई में आने की उम्मीद है। हालांकि मेकर्स ने अब तक इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। वहीं अब धीरे-धीरे मेकर्स सभी कंटेस्टेंट्स के फेस रिवील कर सकते हैं।

# उधार की कलम से सिगरेट के फॉयल पर लिखा गाना हो गया अमर

**मुंबई।** सुरों की कोकिला कही जाने वाली लता मंगेशकर ने एक ऐसा गाना गाया, जो अमर बन गया। आज भी जब ये गाना बजता है तो लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं लेकिन इसे लिखे जाने के पीछे की कहानी कुछ ऐसी है कि आप जानकर चौंक जाएंगे। चलिए जानते हैं कि इस गीत को कैसे लिखा गया।

### कौन सा है गाना?

हम जिस गाने की बात कर रहे हैं। उसके बोल हैं 'ऐ मेरे वतन के लोगों'। इसमें आवाज दी थी लता मंगेशकर ने और इसके बोल लिखे थे कवि प्रदीप ने। इसके अलावा इसे सी.रामचंद्र द्वारा संगीतबद्ध किया गया था। इस गाने को पहली बार 27 जनवरी 1963 को दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में लता मंगेशकर द्वारा पहली बार लाइव गाया गया था। यह गीत 1962 के भारत-चीन युद्ध के शहीदों को समर्पित था।



### कैसे लिखा गया गाना?

यह गाना कवि प्रदीप द्वारा लिखा गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि साल 1962 के दौरान भारत चीन से युद्ध हार गया था। सभी देशवासियों और सैनिकों का मनोबल कम हो रहा था। उसी वक्त गीतकार-कवि प्रदीप मुंबई में शाम को समुद्र किनारे टहल रहे थे। तभी उनके दिमाग में एक गाना आया, जिसे लिखने के लिए उनके पास कलम नहीं था और कागज भी नहीं था। तभी उन्होंने एक आदमी से उधार की कलम ली और अपने जेब से सिगरेट का डिब्बा निकाला। फिर उसके फॉयल पर गाना लिख दिया। वह गाना कोई और नहीं, बल्कि 'ऐ मेरे वतन के लोगों' रहा।

# बॉक्स ऑफिस पर होगा सीक्वल और फ्रैंचाइजी का बोलबाला, धाक जमाने आएंगी ये फिल्में...

***मुंबई।** साल 2026 फिल्म फ्रैंचाइजी और लंबे समय से प्रतीक्षित सीक्वल के लिए सौगात बनकर आया है। आने वाले महीनों में कई फिल्में रिलीज होने के लिए तैयार हैं जो न सिर्फ अपनी पहली किस्त को आगे बढ़ाएंगी, बल्कि कुछ नए किरदारों का दर्शकों से सामना भी कराएंगी। इस सूची में अजय देवगन से लेकर शाहिद कपूर तक की बहुप्रतीक्षित सीक्वल फिल्में शामिल हैं। चलिए इन फिल्मों और इनकी रिलीज तारीख के बारे में जानते हैं।*

**'दृश्यम 3':** अजय अपनी 2 अक्टूबर की परंपरा को कायम रखते हुए 'दृश्यम' फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी के साथ लौटेंगे। इसका पहला भाग 2015 में और दूसरा भाग 2022 में रिलीज किया गया था। अक्टूबर, 2026 में विजय सलगांवकर (अजय) अपने परिवार को पुलिस की नजरों से बचाने के लिए आ रहे हैं। उनके साथ तब्बू, श्रिया सरन और इशिता दत्त जैसे सितारे अपने किरदारों में वापसी करेंगे। इस भाग को परिवार के अस्तित्व की कहानी का अंत माना जा रहा है।

**'कॉकटेल 2' और 'खोसला का घोसला 2':** शाहिद, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन अभिनीत 'कॉकटेल 2' 19 जून, 2026 को रिलीज होने वाली है, जिसका निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है। यह 2012 में रिलीज



'कॉकटेल' की दूसरी कड़ी है, जिसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी जैसे सितारे थे। 'खोसला का घोसला' की टोली भी दूसरी कड़ी लेकर लौट रही है। फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी के साथ पुराने सभी चेहरे फिर से दिखेंगे। यह फिल्म 28 अगस्त, 2026 को रिलीज होगी।

**'आवारापन 2' और 'धमाल 4':** इमरान हाशमी अपनी सुपरहिट फिल्म 'आवारापन' के सीक्वल को लेकर खूब चर्चा बटोर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म होने की कगार पर है। इसमें अभिनेता के साथ दिशा पाटनी नजर आएंगी। नितिन कक्कड़ द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगस्त, 2026 में सिनेमाघरों में आ सकती है। इसके अलावा, 'धमाल' फ्रैंचाइजी की टोली भी इस साल जुलाई में लौटने को तैयार है। अजय, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी समेत अन्य सितारे इस फिल्म का फिर से हिस्सा हैं।

## बॉलीवुड में 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया

# 'भूत बंगला' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर गाड़े झंडे

**मुंबई। अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की सुपरहिट जोड़ी ने 14 साल बाद पर्दे पर वापसी करते हुए बॉक्स ऑफिस पर शानदार वापसी की है। फिल्म 'भूत बंगला' ने अपने पहले ही दिन उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया है। फिल्म की इस शुरुआत ने इस साल रिलीज हुईं कई फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। लंबे इंतजार के बाद अक्षय अपनी पसंदीदा शैली हॉरर-कॉमेडी में वापस लौटे हैं। आइए जानें उनकी इस फिल्म ने पहले दिन कितने करोड़ रुपये कमाए हैं।**

### पहले दिन फिल्म ने की इतनी कमाई

अक्षय की 'भूत बंगला' पहले दिन रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' या सनी देओल की 'बॉर्डर 2' को टक्कर नहीं दे पाई। हालांकि, इसने शाहिद कपूर की ओ'रोमियो से लेकर रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3', वीर दास की 'हैप्पी पटेल' और 'अस्सी' जैसी 2026 में रिलीज हुई अन्य फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और बॉलीवुड में 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म ने पहले दिन 15.75 करोड़ रुपये कमाए हैं।

### आसपास भी नहीं टिक पाईं ये फिल्में

अक्षय ने 'ओ'रोमियो' (9.01 करोड़) और श्रीराम राघवन की बहुचर्चित 'इक्कीस' (7.28 करोड़) जैसी फिल्मों को बड़े अंतर से पछाड़ दिया है। रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' भी भूत बंगले के सामने टिक नहीं पाई और महज 4 करोड़ पर सिमट गई। 'दो दीवाने शहर में', 'हैप्पी पटेल', 'अस्सी' और 'राहु केतु' जैसी फिल्में 1-1.25 करोड़ के बीच संघर्ष करती रहीं। अक्षय के 'भूतिया' जादू के आगे इन फिल्मों की चमक फीकी पड़ गई।



### एडवांस बुकिंग और पेड प्रीव्यू में भी 'भूत बंगला' का जलवा

'भूत बंगला' ने घरेलू एडवांस बुकिंग के जरिए ही 3.32 करोड़ का कारोबार कर लिया था, जिसने फिल्म की मजबूत ओपनिंग के संकेत दे दिए थे। फिल्म के लिए आयोजित किए गए पेड प्रीव्यू को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जिससे फिल्म की झोली में 3.50 करोड़ और आ गिरे। यही कारण है कि फिल्म की पहले दिन की कुल कमाई बढ़िया नजर आ रहा है। फिल्म वीकेंड पर भी बड़े रिकॉर्ड बना सकती है।

### फिल्म में अक्षय ने जीते दिल

इस फिल्म में अक्षय के साथ वामिका गब्बी, तब्बू, परेश रावल और राजपाल यादव जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। दर्शकों के लिए भावुक पल तब आता है, जब वे पर्दे पर दिवंगत अभिनेता असरानी को देखते हैं। मिथिला पारकर और जीशु सेनगुप्ता भी अपने-अपने किरदार में जंचे हैं। हालांकि, इस फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी अक्षय कुमार की कॉमिक टाइमिंग और डबल रोल है। उनका गेटअप इतना अलग है कि दर्शक देखते रह जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई बस, एक की मौत, कई यात्री घायल

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-बनारस अंतरराज्यीय मार्ग पर गुरुवार की मध्यरात्रि एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बिहार-झारखंड से अंबिकापुर आ रही रॉयल यात्री बस क्रमांक सीजी 06 जीवाई 0729 ग्राम कल्याणपुर नवापारा के पास सड़क किनारे खराब हालत में खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीजे 2971 से पीछे से टकरा गई। बताया गया कि ट्रक चालक द्वारा कोई भी सुरक्षा संकेत या चेतावनी चिन्ह नहीं लगाया गया था जिसके कारण घोर अंधेरा होने पर यह दुर्घटना घटित हुई। घटना रात करीब 11.30 से 11.45 बजे के बीच की बताई जा रही है। उस समय बस में सवार अधिकांश यात्री नींद में थे, जिससे चालक को खड़ी ट्रक का अंदाजा नहीं लग सका। तेज रफ्तार होने के कारण बस को नियंत्रित करना भी संभव नहीं हो पाया। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। दुर्घटना में दर्जनभर यात्री घायल हुए हैं जिनमें चार की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है।

# डॉ. अंबेडकर सम्मान अभियान जिला स्तरीय संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जिला महामंत्री कपिल जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, ओबीसी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेष शिवहरे, जनपद अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े एवं अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ललन प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया और अपने पूरे जीवन को कमजोर एवं पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। वे सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत और समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता थे। उन्होंने सभी से अंबेडकर के जीवन मूल्यों और सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि अंबेडकर के विचार आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सशक्त एवं समतामूलक भारत का निर्माण संभव है।

ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेष शिवहरे ने अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष, संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान तथा सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि ने भी अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, संजय चिकनजूरी, आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुभाष साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवचरण साहू, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सुखदेव राजवाड़े, मंडल महामंत्री राकेश पैकरा, बालकृष्ण देवांगन, रवि त्रिपाठी, अजजा मोर्चा जिला महामंत्री कमलेश एक्का, जिला संयोजक मनोज साहू, अजा मोर्चा जिला महामंत्री लहरे सोनवानी, विक्की सारथी, सोनालाल राजवाड़े, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, जिला महामंत्री साक्षी सिंह, राजेश साहू, अभिमन्यु मृदुली, अंजना लकड़ा, धर्मजीत सोनवानी, संतोष सारथी, शिल्पा शर्मा, सत्यप्रकाश रवि, देवी प्रसाद सोनवानी, बाबूलाल प्रजापति, पप्पू कुर्रे, संतोष सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी साड़ी खरीदी घोटाले के विरोध में पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए साड़ी खरीदी में कथित घोटाले के विरोध में महिला कांग्रेस कोरिया ने रविवार को कुमार चौक पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का पुतला दहन कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। यह प्रदर्शन प्रदेश महिला कांग्रेस के आह्वान पर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में आयोजित किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष संजोती मरकाम ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए मंत्री के इस्तीफे की मांग की और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की बात कही।

नेताओं ने मुख्यमंत्री से मांग की कि इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पूर्व जिलाध्यक्ष नजीर अजहर, अजय सिंह, मनोज दुबे महामंत्री, हेमसागर यादव, बृजवासी तिवारी, आशीष यादव, विपुल शुक्ला, प्रांजल जायसवाल, मोनू माझी, रियाजउद्दीन, फारूक, वसीम खान बाबू, इब्राहिम, चांदनी सोनी ,संजोती मरकाम, ममता गुप्ता, मनिजिंदर कौर,कादिर अली, गोल्डन टेलर उर्मिला रानी रजवाड़े दुर्गा प्रेमा, भगवती, रामबाई सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 3 का शेष

### अवैध कोयला खनन...

अलावा सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलों के खनिज अधिकारी, स्थानीय पुलिस, वन एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि वन एवं खनिज विभाग के साथ-साथ एसईसीएल के समन्वय से इन क्षेत्रों की निगरानी और सख्त की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध कोयला खनन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए चिन्हित स्थानों को ब्लास्टिंग कर बंद किया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों की पुनरावृत्ति न हो सके। साथ ही क्षेत्र में लगातार निगरानी और संयुक्त अभियान जारी रखने की भी बात कही गई है। इस सख्त कार्रवाई से अवैध खनन में लगे लोगों में हड़कंप मच गया है, वहीं प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में इस तरह के अभियानों को और तेज किया जाएगा।

### महतारी वंदन योजना...

महिलाओं या उनके पति के नाम में त्रुटियां बताई जा रही हैं, इससे महिलाओं में यह आशंका गहराने लगी है कि कहीं इस प्रक्रिया के बहाने उनके नाम योजना से काटे न जाएं। इस पूरे मामले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। हितग्राहियों का आरोप है कि जमीनी स्तर पर सही मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा, जिससे समस्या और बढ़ रही है। महिलाओं ने आरोप लगाया है कि योजना के बड़े अधिकारी भी स्पष्ट जानकारी देने के बजाय उन्हें भ्रमित कर रहे हैं और कार्यालय से लौटा रहे हैं, इससे योजना की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के सचिव एवं पार्षद धीरज शिवहरे ने चेतावनी दी है कि यदि बिना कारण महिलाओं के नाम काटे गए या उन्हें परेशान किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ का 100 प्रतिशत परिणाम

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

- विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के समर्पण तथा सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम

संभाग के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता सिद्ध करते हुए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा दसवीं का शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। विद्यालय की यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के समर्पण तथा सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम है। मेधावी विद्यार्थियों में अर्चित दुजानिया ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया, जबकि लिजा दीवान ने 95 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कृषि वर्मा एवं रचित गुप्ता ने 91-91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।

मनजोत सलूजा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन की श्रेणी में स्थान बनाया, इसके अतिरिक्त इशान साहू 86 प्रतिशत, हरनीश चावला 85 प्रतिशत, अर्नव अग्रवाल 84.4 प्रतिशत, अवंतिका सिंह 83.6 प्रतिशत एवं अदिति प्रधान 83.2 प्रतिशत ने भी सराहनीय अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यालय की गुणवत्ता-प्रधान शिक्षा और संस्कारयुक्त वातावरण का प्रतीक है। संस्था की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनके परिश्रम, दृढ़ संकल्प और शिक्षकों के मार्गदर्शन का साकार रूप है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।







